Need to provide electricity in villages in Nandurbar Parliamentary Constituency-laid

एडवोकेट गोवाल कागडा पाडवी **(नन्दुरबार) :** केंद्र सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत में विद्युतीकरण पर काफी बड़ी बड़ी बातें सुनने को मिलती है । गांव गांव जल और बिजली पहुंचाने के लिए सरकार अपनी पीठ थपथपाती रहती है । आज भी देश के कई आदिवासी क्षेत्रों में बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है ।

मैं महाराष्ट्र के नंदूरबार लोक सभा क्षेत्र से आता हूं । नंदूरबार एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है जहां पर आज भी कई बुनियादी सुविधाएं नहीं के बराबर है । आज नंदूरबार बहुत ही पिछड़ा हुआ क्षेत्र बन गया है । कई दशकों से सडके टूटी फूटी हुई है । सड़को पर स्ट्रीट लाइट का अभाव है । घरों में बिजली की आपूर्ति नहीं है जिससे मेरे क्षेत्र के लोग अंधकारमय जीवन जीने को विवश है । बिजली के बिना आज कोई भी विकास संभव नहीं हो सकता ।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र नंदूरबार के प्रत्येक गांव में बिजली पहुंचाए जाने की उचित व्यवस्था की जाए ताकि आदिवासी लोगो का जीवन सामान्य स्तर पर लाया जा सके ।